केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितय तल, अगस्त्त क्रांति भवन
भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.
******

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2016/269 दिनांक: 28.06.2016
संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2016/00266
CICOM/R/2016/00626

अपीलकर्ता : श्री तेजवीर सिंह,
भूमिहीन खेतीहर मजदूर सेवा समिति,
ग्राम – रतनुपरा, बाजपुर,
उधम सिंह नगर, उत्तराखंड ।

निर्णय की तारीख: 28.06.2016

आर.टी.आई. आवेदन की तिथि	गैरदिनांकित
आर.टी.आई. आवेदन के प्रतिउत्तर की तिथि	20.05.2016
प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी	श्री योगेश कुमार सिंहल
प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि	14.06.2016
आयोग में प्रथम अपील का डायरी सं. व तिथि	145920/17.06.2016
प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि	366/20.06.2016

1. अपीलकर्ता ने आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से भूमिहीन खेतीहर मजदूरों को भूमि आवंटन किए जाने के संबंध में नियमों व अधिनियमों के संबंध में सूचना मांगी थी, जिसक प्रतिउत्तर में श्री योगेश कुमार सिंहल, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना कि *"आपके द्वारा मांगी गई सूचना का धारक केन्द्रीय सूचना आयोग नहीं है, कृपया संबंधित लोक प्राधिकरण के समक्ष आर.टी.आई. आवेदन दाखिल कर सूचना प्राप्त करें"* से व्यथित होकर अपीलकर्ता ने प्रथम अपील दाखिल की है ।

2. संबंधित संचिका का अवलोकन करने पर पाया गया कि श्री योगेश कुमार सिंहल, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना बिल्कुल सही है तथा अधोहस्ताक्षरी इससे पूर्णतः सहमत हैं । अपीलकर्ता को पुनः सूचित किया जाता है कि मांगी गई सूचना केन्द्रीय सूचना आयोग से संबंधित नहीं है, अतः इस संबंध में केन्द्रीय सूचना आयोग द्वारा कोई सूचना उपलब्ध कराना संभव नहीं है । कृपया भूमि आवंटन से संबंधित विभाग से सूचना प्राप्त करें ।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील, यदि कोई हो, आदेश प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, 'सी' विंग, अगस्त्त क्रांति भवन, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066 में की जा सकती है ।

प्रथम अपील हेतु कोई शुल्क देय नहीं है, अतः संलग्न दस रु0 का भारतीय पोस्टर आर्डर सं. 33 एफ 850613 आपको वापस किया जाता है ।

संलग्नक : यथोपरि।

o/c

अचला सिन्हा
(अचला सिन्हा)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी

प्रतिलिपि:
1. जन सूचना अधिकारी आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।

C. I. C. / के० सू० आ०
RECEIVED
30 JUN 2016
Initials..........

30/6/16

C. I. C. / के० सू० आ०
ISSUED
30 JUN 2016
D No.........